आकाशवाणीः देहरादून
सोमवार– 02.10.2023
समय 1830

–

मुख्य समाचार :–

- देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।
- रामपुर तिराहा गोलीकांड की बरसी पर शहीद उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी गई।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा– सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए राज्य सरकार काम कर रही है।
- और... आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत 50 हजार से अधिक लोगों ने अंग दान करने का संकल्प लिया है।

............

<u>श्रद्धांजलि</u>

राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 154वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। देश और विदेशों में भारतीय मिशनों द्वारा समारोहों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

ने अपने संदेश में कहा है कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के आदर्शों ने दुनिया के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने जीवन भर न केवल अहिंसा के लिए लड़ाई लड़ी, बल्कि उन्होंने स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और किसानों के अधिकारों का मुद्दा भी उठाया। अपने संदेश में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत औपनिवेशिक शासन के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में मार्गदर्शक थे। श्री धनखड़ ने राष्ट्र की प्रगति के लिए आत्मनिर्भरता, समावेशिता और सार्वभौमिक भाईचारे के महात्मा गांधी के दृष्टिकोण को बनाए रखने का प्रयास करने का संकल्प लेने को कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महात्मा गांधी की कालजयी शिक्षाएं हमारा मार्गदर्शन करती रहती हैं। उन्होंने कहा, गांधी का प्रभाव वैश्विक है, जो संपूर्ण मानव जाति को एकता और करुणा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है।

लाल बहादुर शास्त्री जयंती

देश आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर याद कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी में लाल बहादुर शास्त्री के स्मारक विजय घाट जाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, राष्ट्र के प्रति समर्पण और जय जवान, जय किसान का प्रतिष्ठित आह्वान आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करता है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की प्रगति के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और

चुनौतीपूर्ण समय के दौरान उनका नेतृत्व अनुकरणीय है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लाल बहादुर शास्त्री के साहस, सेवा और सादगी को हमेशा याद किया जाएगा।

गांधी जंयती– देहरादून

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा कि हमें इन महान विभूतियों से प्रेरणा लेकर देश को विकसित और विश्व गुरु बनाने के सपनों को साकार करना होगा। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। देहरादून के गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में श्री धामी ने कहा कि महात्मा गांधी ने लोगों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया और देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी सहित सचिवों, अपर सचिवों, उच्चाधिकारियों के साथ ही कर्मचारियों ने सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

गांधी जयंती–प्रदेश

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भी आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जंयती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मसूरी में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। चमोली में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस के मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिले के सभी राजकीय भवनों, कार्यालयों और संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। उधर, हरिद्वार में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित किये। उधर पौड़ी में महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। बागेश्वर में भी महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। चंपावत में इस मौके पर स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। चमोली में नेहरू युवा केंद्र, नगर पालिका और नगर पंचायतों के साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया। उत्तरकाशी में जिला जज गुरुबख्श सिंह ने जिला न्यायालय सभागार में में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वच्छता अभियान

पूर्ण स्वच्छता के दृष्टिकोण के साथ आज से सरकारी कार्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान का तीसरा चरण चल रहा है। यह विशेष अभियान इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेगा। यह पिछले दो वर्षों में चलाए गए विशेष अभियानों की अगली कड़ी है। आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र देहरादून में गांधी जयंती के अवसर पर केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया।

रामपुर तिराहा गोली कांड की बरसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुजफ्फरनगर स्थित शहीद स्थल रामपुर तिराहा, में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद राज्य आन्दोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सपनों और संकल्पों के आधार पर राज्य के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने रामपुर तिराहा स्थित शहीद स्थल में उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की उपलब्धता और स्थानीय उत्पादों के स्थल के रूप में विकसित करने की बात भी कही।

इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि हमारे शहीद आन्दोलनकारियों के बलिदान की बदौलत हमें उत्तराखंड राज्य मिला है। इससे पहले,

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित शहीद स्थल में उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## सैनिक कल्याण

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। पूर्व सैनिक संगठन पछुवादून के दूसरे स्थापना दिवस समारोह में सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार हर शहीद के परिवार से एक व्यक्ति को योग्यतानुसार नौकरी दे रही है। उन्होंने बताया कि सैनिकों को मिलने वाली पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी करने के साथ ही प्रदेश में सैनिक विश्राम गृहों का निर्माण भी किया जा रहा है। विकासनगर में जल्द ही सैनिक कार्यालय खोलने की जानकारी देते हुए श्री जोशी ने कहा कि डाकपत्थर रोड पर 22 लाख की लागत से शहीद स्थल का निर्माण किया जाएगा।

## साहित्यिक और कला उत्सव – 2023

देहरादून में कल से जनजातीय छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा सोसायटी साहित्यिक और कला उत्सव – 2023 का आयोजन कर रही है। इसका आयोजन केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति की ओर से किया जा रहा है। केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री, रेणुका सिंह सरुता और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर

मौजूद रहेंगे। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में देश भर से 15 सौ से अधिक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्र भाग लेंगे। आयोजन में इस वर्ष यह कला उत्सव के माध्यम से स्कूली छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

'मेरी माटी मेरा देश'

पिथौरागढ़ में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत जिले के नगर निकाय और विकासखंड स्तर पर अमृत कलश के लिये घरों से मिट्टी एकत्रित की गयी। इन कलशों को नगर निकायों और विकास खण्ड स्तर से शासन द्वारा निर्धारित तिथियों में प्रदेश के मुख्यालय ले जाया जायेगा और वहां से नई दिल्ली के लिए रवाना किया जायेगा।

आयुष्मान भव अभियान

आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत 50 हजार से अधिक लोगों ने अंग दान करने का संकल्प लिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पिछले महीने गुजरात के गांधीनगर से इस अभियान की शुरुआत की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लोगों से अंगदान के लिए शपथ लेने का आग्रह किया।

*संक्षिप्त में समाचार*

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, केंद्रीय ग्रामीण विकास और उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्राम्या विकास विभाग उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में कल से 12 अक्टूबर तक टिहरी जिले के पूर्णानंद खेल मैदान में रोजगार सरस मेले का आयोजन किया जाएगा।

चमोली के दशोली विकास खंड के कठूड गांव की आशा देवी को वन पंचायत की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने जाऔर विभिन्न प्रजाति के पौधों को रोपने के लिये उन्हें जिले के प्रमुख वन संरक्षक द्वारा सम्मानित कियाा गया है।

हरिद्वार–दिल्ली राजमार्ग पर आज सुबह एक तेज रफ्तार बस के ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मारने के कारण उसमें सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई।

दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र की ओर से देहरादून में गांधी और उनका सन्देश कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान स्कूली छात्रों की ओर से गायन, संभाषण और नाटिकांए प्रस्तुत की गईं।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।
- रामपुर तिराहा गोलीकांड की बरसी पर शहीद उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी गई।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा– सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए राज्य सरकार काम कर रही है।

- और... आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत 50 हजार से अधिक लोगों ने अंग दान करने का संकल्प लिया है।

-----------